## संक्षेप में

# चीनी का भंडार 25 फीसदी घटकर 70 लाख टन

देश का चीनी भंडार इस महीने नए चीनी विपणन वर्ष के प्रारंभ में एक साल पहले की तुलना में 25 फीसदी घटकर 69.2 लाख टन पर आ गया। बीते साल कम उत्पादन व अधिक निर्यात की वजह से चीनी का भंडार घटा है। चीनी का भंडार एक अक्टूबर, 2013 को 93 लाख टन था। विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक होता है। पिछले बार की बची चीनी के भंडार में कमी भले हुई है पर यह बाजार में नया माल आने तक की अवधि में घरेलू जरूरत से 20 लाख टन अधिक है। सूत्रों ने बताया कि सरकार का अनुमानित चीनी भंडार एक अक्टूबर, 2014 को 69.2 लाख टन था। यह भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के अनुमान से कम है। इस्मा का अनुमान था कि नए विपणन वर्ष की शुरूआत में चीनी का भंडार 74 लाख टन होगा। विपणन वर्ष 2013-14 में देश का चीनी उत्पादन घटकर 2.43 करोड़ टन रहा, जो इससे पिछले साल 2.51 करोड़ टन था। *भाषा*

बिजनेस स्टैण्डर्ड
27/10/14